सार-समाचार

एस.डी.पी. डोनेट की

कोटा, (निसं)। घर-परिवार से मिले संस्कार व्यक्ति को महान बनाते हैं, और यदि इन्हीं संस्कारों में सेवा का भाव जुड़ जाए तो वह समाज के लिए प्रेरणास्रोत बन जाता है। इसी सत्य को साकार कर रहे हैं मुंबई में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे कोटा निवासी भावी चिकित्सक नमन गुप्ता। हाल ही में कोटा प्रवास के दौरान नमन को जैसे ही बी-पॉज़िटिव एसडीपी की तात्कालिक आवश्यकता का संदेश मिला, उन्होंने बिना एक क्षण गंवाए तुरंत रक्तदान के लिए सहमति दी और गंभीर रूप से बीमार मरीज के लिए 9वीं बार एसडीपी डोनेट कर जीवनदान दिया। इससे पहले वह 5 बार रक्तदान कर चुके हैं। लायंस क्लब कोटा टेक्नो की निदेशक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि निजी अस्पताल में एक गंभीर रोगी को आईसीयू में भर्ती किया गया। स्थिति नाज़ुक होते ही बी पॉज़िटिव एसडीपी के लिए आपातकालीन कॉल आया। गंभीरता को समझते हुए भुवनेश गुप्ता ने मुंबई से कोटा अवकाश पर पहुंचे अपने पुत्र नमन से संपर्क किया, नमन ने बिना किसी विलंब के आगे आकर एसडीपी डोनेट की। इससे मरीज के परिजनों को राहत मिली और समय पर उपचार संभव हो सका। नमन का कहना है, जब हम चिकित्सक बनने का संकल्प लेते हैं, तो सेवा, संस्कार और समर्पण का संगम हमारे व्यक्तित्व का हिस्सा होना चाहिए। दूसरों से अपेक्षा करने से पहले हमें स्वयं मदद का हाथ बढ़ाना चाहिए, तभी हम एक सच्चे चिकित्सक और सभ्य समाज का निर्माण कर सकते हैं। लायंस क्लब कोटा टेक्नो की अध्यक्ष व नमन की माँ डॉ.क्षिप्रा गुप्ता ने इस अवसर पर नमन का अभिनंदन किया व कहा कि डॉक्टर जब सेवाकार्य के लिए पहल करते है तो समाज इनका अनुसरण करता है, नमन द्वारा निरंतर किया गया सेवाकार्य अनुकरणीय हैं। नमन की यह संवेदनशीलता और निस्वार्थ भाव हर उस युवा के लिए प्रेरणा है, जो समाज में बदलाव का सपना देखता है।

ब्राह्मण कल्याण परिषद ने किया भाजपा पदाधिकारी का सम्मान

कोटा, (निसं)। ब्राह्मण कल्याण परिषद द्वारा दशहरा मैदान स्थित तुलसी माता मंदिर पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। ब्राह्मण कल्याण परिषद के शहर अध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित ने बताया कि सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा थे। भाजपा शहर कार्यकारिणी में नवनियुक्त मीडिया संयोजक अनिल तिवारी, उपाध्यक्ष राकेश मिश्रा, महामंत्री शैलेंद्र ऋषि, प्रवक्ता प्रणय दुबे, युवा प्रमुख पुनीत चतुर्वेदी, सोशल मीडिया सहसंयोजक शिवानी दुबे का ब्राह्मण कल्याण परिषद के पदाधिकारी ने माल्यार्पण कर पगड़ी दुपट्टा भगवान परशुराम का प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज सभी समाजों को दिशा दिखाने का काम करता है उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारी को बधाई देते हुए कहा कि आप अपने लक्ष्य के अनुसार कार्य कर पार्टी को मजबूत करें वह साथ ही समाज सेवा में भी जुड़े। इस अवसर पर ब्राह्मण कल्याण परिषद के संभागीय अध्यक्ष ब्रजराज गौतम, शहर अध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित, युवा अध्यक्ष सुनील गौतम, महिला अध्यक्ष डॉक्टर शीला तिवारी, डॉक्टर मनोज शर्मा, ब्रजेश कांत शर्मा, अरुण भार्गव, नहुष व्यास, दिलीप आदि उपस्थित रहे।

लोकसभा स्पीकर और मंत्रियों ने श्री वीर तेजाजी महोत्सव में हाजरी लगाई

- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित अन्य अतिथि भी करेंगे शिरकत
- जगह-जगह स्वागत में उमड़ेंगे भक्तगण

कोटा, (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मंगलवार को तेजा दशमी के अवसर पर नान्ता स्थित तेजाजी मंदिर पहुँचे और श्री वीर तेजाजी महोत्सव में भाग लिया। उन्होंने पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वीर तेजाजी का जीवन हमें धर्म, संस्कृति, सत्य और वचनबद्धता पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है। बिरला ने कहा कि तेजाजी महाराज ने धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति दी। गौ माता की रक्षा के लिए दिया गया वचन निभाने हेतु उन्होंने अपना बलिदान दिया और इसी कारण आज राजस्थान के गाँव-गाँव में तेजाजी महाराज के मेले लगते हैं। ये आयोजन केवल धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और संस्कारों की गहराई से जुड़े होने का प्रतीक हैं।

गाँवों के लोग आज भी सत्य और वचनबद्धता पर अडिग रहते हुए लोकदेवता के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाते हैं। उन्होंने कहा कि लोकदेवताओं के प्रति आस्था, परम्परा और विश्वास हमारी अमूल्य धरोहर है। इससे पूर्व बिरला ने कुन्हाडी स्थित तेजाजी मंदिर में भी पूजा-अर्चना की।

तेजाजी महाराज के थानक श्रद्धा और विश्वास का केन्द्र:- ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर मंगलवार को सांगोद विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहे। उन्होंने तेजाजी के थानकों पर जाकर ढोक लगाई और आशीर्वाद लिया। मंत्री नागर मालीहेड़ा, पड़ासलिया, सुल्तानपुर, इटावा में आयोजित तेजाजी मेला में भी हिस्सा लिया। यहां विभिन्न कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि तेजाजी के थानक श्रद्धा और विश्वास के केंद्र हैं। यह विश्वास ही पार लगाता है। इन पर लोगों की श्रद्धा है। ऐसे में, यहां आने वाले यात्रियों के लिए आवागमन की सुविधा और अन्य सुविधाएं बढ़ाने के लिए हम पूरे प्रयास करेंगे।

लोगों की श्रद्धा के साथ सुविधा में भी बढ़ोतरी होगी। तेजाजी महाराज की कृपा हम सब पर है। इसीलिए हम सब की अपेक्षा और आकांक्षाओं के अनुरूप विकास के कार्य करने में सक्षम हो पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विद्युत तंत्र को सुदृढ़ करने का काम किया जा रहा है। फसलों को नुकसान हुआ है जिसके लिए मुआवजा देने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। तेजाजी महाराज की कृपा से आगामी फसल से हमारे घर धन-धान्य से परिपूर्ण होंगे, ऐसा हमारा विश्वास है।

शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने थानकों पर लगाई ढोक:- शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने आज अपने विधानसभा क्षेत्र रामगंजमंडी के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित लोक देवता श्री वीर तेजाजी महाराज के थानको पर पहुंचकर ढोक लगाई तथा इस अवसर पर आयोजित तेजाजी महाराज के पारंपरिक मेलों में शामिल होकर लोगों को तेजा दशमी की शुभकामनाएं दी। मंत्री दिलावर सबसे पहले पाचनकुई गांव पहुंचे।

मंत्री ने यहां वीर तेजाजी महाराज के थानक पर ढोक लगाकर क्षेत्रवासियों के स्वास्थ्य एवं खुशहाली की कामना की। यहां उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मंत्री दिलावर ने कहा कि श्री वीर तेजाजी का त्याग हम सब के लिए प्रेरणादाई है। हम सब को समाज हित में त्याग की भावना से कार्य करना चाहिए। इसके बाद दिलावर कोटा नगर के रंगबाड़ी स्थित श्री तेजाजी महाराज के मंदिर पहुंचे।

यह दिलावर ने पहले मंदिर में तेजाजी महाराज के दर्शन कर ढोक लगाई। इसके बाद मेले में उपस्थित लोगों को संबोधित किया। सांय 4.30 बजे चेचट के सालेड़ा खुर्द गांव में श्री वीर तेजाजी महाराज मंदिर पर तेजाजी के मेले एवं नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया।

राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा के चुनाव सम्पन्न

छबड़ा (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की छबड़ा उपशाखा के चुनाव स्थानीय पीएमश्री विद्यालय में चुनाव अधिकारी अनिल गुप्ता व मनीष मीणा तथा पर्यवेक्षक धर्मेंद्र मेघवाल की देखरेख में सम्पन्न किए गए।जिनमें मुरारीलाल मीणा 183 वोट प्राप्त कर अध्यक्ष पर पर निर्वाचित घोषित हुए। दूसरे स्थान पर रहे मुरलीधर नागर मात्र 88 वोट ही हासिल कर सके। शेष पदों के लिए निर्विरोध संपन्न चुनाव में ओमप्रकाश मीणा को मंत्री तथा चेतन कुमार मालव को कोषाध्यक्ष एवं घनश्याम भार्गव को सभाध्यक्ष, अर्जुन सिंह जादौन व ललित कश्यप को उपसभाध्यक्ष, कैलाशचंद मीणा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रकाश गुर्जर को उपाध्यक्ष पुरुष, राजेश्वरी भार्गव को महिला मंत्री के पदों पर निर्वाचित घोषित किए गए।

एनएफआईआर का अधिवेशन आयोजित

कोटा, (निसं)। एनएफआईआर का 31 वां राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन 02 सितम्बर से 04 सितम्बर तक दिल्ली मे किया जायेगा। मण्डल सचिव अब्दुल खालिक ने बताया कि एनएफआईआर के 31वें राष्ट्रीय अधिवेशन पश्चिम मध्य रेलवे से वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ के महामंत्री अशोक शर्मा के नेतृत्व मे हजारों रेलकर्मी दिल्ली के लिए कूच करेंगे। कोटा मण्डल से भी लगभग एक हजार रेल कर्मचारी इस अधिवेशन मे भाग लेंगे। अधिवेशन का आयोजन दिल्ली के करनैल सिंह स्टेडियम मे किया जा रहा है इस राष्ट्रीय अधिवेशन मे कर्मचारियों की मुख्य मांगो मे सबसे ऊपर आठवें वेतन आयोग एवं पुरानी पेंशन योजना की बहाली का मुद्दा है, साथ ही रेलवे मे निगमीकरण, निजीकरण और आउटसोर्सिंग पर रोक लगाई जाये, पदों के सृजन पर लगी रोक को हटाया जाये, डीए/डीआर की रोकी गई किश्तों को बहाल किया जाये, रेलवे कर्मचारियों को जोखिम एवं कठिनाई भत्ता का भुगतान शीघ्र सुनिश्चित किया जाये।

बोनस के भुगतान हेतु वेतन गणना की अधिकतम सीमा हटाई जाये, 12 घंटे की ड्यूटी समाप्त की जाये, रेलवे मे रिक्तियों के विरूद्ध अर्ध-प्रशासनिक इकइयों के कर्मचारियों को समाहित करना, महिला कर्मचारियों के कार्यस्थल की परिस्थितियों मे सुधार, एनएफआइआर द्वारा प्रस्तावित ट्रेकमेन्टेनर्स के कैडर संरचना मे सुधार, लंबित पीएनएम/जेसीएम मदो का शिघ्र समाधान किया जाये, संशोधित सुरक्षा संबंधित सेवानिवृतित योजना लागू की जाये जैसे कई अन्य मुद्दो पर भी चर्चा की जायेगी।

जलझूलनी एकादशी पर हर्षोल्लास के साथ राम जानकी मंदिर से निकलेंगे विमान

- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित अन्य अतिथि भी करेंगे शिरकत
- जगह-जगह स्वागत में उमड़ेंगे भक्तगण

कोटा, (निसं)। श्री मनोरथपूर्ण हनुमान मंदिर समिति द्वारा संचालित केशवपुरा सेक्टर 4 स्थित श्रीराम जानकी में जलझूलनी एकादशी पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा जिसके संबंध में मंदिर प्रांगण में समिति की बैठक आयोजित की गई।

पूर्व मीडिया प्रभारी परमानन्द महावर ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर समिति द्वारा जल झूलनी एकादशी पर भव्य आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर प्रांगण से डोल यात्रा निकाली जाएगी जिसमें आसपास के सभी मंदिरों से विमान अपनी झांकी के साथ राम जानकी मंदिर पर एकत्रित होंगे, तत्पश्चात शिव शक्ति व्यायामशाला के अखाड़े की ओर से मंदिर प्रांगण में हैरत अंगेज प्रदर्शन किए जाएंगे। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, विधायक संदीप शर्मा, नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी, दक्षिण महापौर राजीव अग्रवाल व पूर्व महापौर महेश विजय का मंदिर समिति द्वारा स्वागत सम्मान किया जाएगा जिसके उपरांत अतिथियों द्वारा अखाड़े के उस्तादों को सम्मानित किया जाएगा एवं 5 बजे समस्त मंदिरों की आरती होगी जिसमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित सभी अतिथि आरती करेंगे। इसके पश्चात सभी विमान गाजे-बाजे के साथ भगवान के जयकारों लगाते हुए जुलूस के साथ जिंद बाबा की बावड़ी पहुंचेंगे जहां मंदिर पुजारी द्वारा जलवा पूजन किया जाएगा। इसके उपरांत सभी विमान राधा-कृष्ण मंदिर से होते हुए राजपूत सेक्टर, पंचमुखी महादेव, रंगबाड़ी होते हुए केशवपुरा चौराहे पर पहुंचेंगे इस दौरान झांकियों का जगह-जगह स्वागत द्वार लगाकर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया जाएगा। गुजराती बस्ती, बिजासन माता मंदिर होते हुए रात को 11 बजे बाद राम-जानकी मंदिर पहुंचेंगे जहां मुख्य पुजारी द्वारा आरती की जाएगी। आयोजन के संबंध में हुई बैठक में समिति संरक्षक बृजमोहन सेन, अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह चौहान, महामंत्री उम्मेदसिंह मोसलपुर, उपमहामंत्री श्री कृष्णावतार राठौर, कोषाध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा, संगठन मंत्री महावीर नागर, विधि सलाहकार बनवारी लाल नागर एडवोकेट, मुकेश कुमार सेन एडवोकेट, नरेंद्र सिंह हाडा, चतर्भुज जांगिड़, रामबाबू गुप्ता, रूपचंद गुंजल, सत्यनारायण सेन, राजेंद्र कुमार राठौर दिनेश कुमार दाधीच हमसिंह हाड़ा, पी.सी.अग्रवाल, कैलाशचंद यादव लालचंद गोचर, सतीश राठौर उपस्थित रहे।

जलझूलनी एकादशी आज

बूंदी (निसं)। छोटी काशी बूंदी में बुधवार, 3 सितंबर को भगवान श्री रंगनाथ जी की भव्य डोल यात्रा शाम 5 बजे धूमधाम से निकाली जाएगी। भगवान श्री रंगनाथ स्वर्ण सिंहासन पर विराजमान होकर अपने भक्तों को दर्शन देंगे, जिसको लेकर पूरे शहर में उत्साह का माहौल है। देवस्थान विभाग और श्री रंगनाथ सेवा समिति ने इस भव्य आयोजन की सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। यात्रा का शुभारंभ मोती महल से होगा, जहां बूंदी के पूर्व राजपरिवार के सदस्य महाराव राजा वंशवर्धन सिंह भगवान श्री रंगनाथ, श्री गोविंदा नाथ एवं श्री पीतांबर जी की आरती उतारकर यात्रा को नगर भ्रमण के लिए रवाना करेंगे। मोती महल से शुरू होकर यात्रा का पहला पड़ाव बुलबुल का चबूतरा होगा। इसके बाद तिलक चौक स्थित जगदीश मंदिर और श्री चारभुजा नाथ मंदिर में पुजारी पंडित गणेश शर्मा द्वारा भव्य आरती की जाएगी। यात्रा अपने पारंपरिक मार्ग से होते हुए राव भाऊ सिंह जी, कल्याण राय मंदिर और चौमुखा स्थित श्री हस्त गणेश जी मंदिर पहुँचेगी।

आईबीसी कोटा चैप्टर का 34वां स्थापना दिवस सम्पन्न

कोटा, (निसं)। इंडियन बिल्डिंग कांग्रेस कोटा चेप्टर का 34वां स्थापना दिवस सार्वजनिक निर्माण विभाग परिसर में उत्साह के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वंदना से हुआ।

प्रारंभ में आईबीसी कोटा चेप्टर के नवनिर्वाचित चेयरमैन हेमंत कुमार शर्मा ने सभी का स्वागत किया। पूर्व चेयरमैन एवं पीडब्ल्यूडी के पूर्व अतिरिक्त मुख्य अभियंता सुरेश कुमार बैरवा ने संगठन का परिचय प्रस्तुत किया, वहीं पूर्व मुख्य अभियंता पी.के. जैन ने चेप्टर की यात्रा और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। मंच संचालन सचिव मनीष जैन ने किया। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन और सचिवों का सम्मान भी किया गया। मुख्य अतिथि अतिरिक्त महाप्रबंधक एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता, राजस्थान वाटर ग्रिड कॉर्पोरेशन डब्ल्यूआरडी एडी अंसारी ने ग्रीन बिल्डिंग मटेरियल्स के महत्व पर जोर देते हुए टिकाऊ निर्माण को भविष्य की आवश्यकता बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त मुख्य अभियंता निशू गुप्ता ने की। मुख्य वक्ता आरटीयू कोटा के सेवानिवृत्त प्राध्यापक (सिविल) डॉ. प्रवीन कुमार अग्रवाल ने निर्माण सामग्रियों के चयन द्वारा भवनों में थर्मल कम्फर्ट बढ़ाने विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान दिया, उन्होंने कहा कि कम्फर्म थर्मल कम्फर्ट लोगों के स्वास्थ्य, खुशी, उत्पादकता और सुरक्षा के लिए आवश्यक है, जो न तो ज्यादा ठंड और न ही ज्यादा गर्मी महसूस करने की एक संतोषजनक स्थिति है।

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम प्रदीप कुमार से बदलकर नया नाम प्रदीप कुमार बब्बर रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे। **पता-प्रदीप कुमार बब्बर पुत्र मुरलीधर कुम्हारों के मंदिर के पीछे केशोरायपाटन बून्दी**

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम सेफअली से बदलकर नया नाम सेफ अली खान रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे। **पता-सेफ अली खान पुत्र मोहम्मद शफी विकास नगर बून्दी**

नाम परिवर्तन

मै, एलियास ए.के., पिता संख्या-15675757 एन, हवलदार सनूप ए., निवासी, गाँव-कायन्ना तह-कोईलैंडी, जिला-कोझिकोड, पिन कोड-673527, ने अपना नाम एलियास ए.के. (जन्म तिथि- 01 जुलाई 1952) से बदलकर एलियास ए.के. (जन्म तिथि- 08 अप्रैल 1952) कर लिया है। भविष्य में मुझे केवल एलियास ए.के. (जन्म तिथि- 08 अप्रैल 1952) के नाम से जाना और पहचाना जाएगा, शपथ पत्र संख्या-सीडी 967085 के अनुसार।

मै, अलेयम्मा, माता संख्या-15675757N हवलदार सनूप ए., निवासी ग्राम- कायन्ना तह-कोईलैंडी, जिला-कोझिकोड, पिन कोड-673527, ने अपना नाम अलेयम्मा के.के. (जन्म तिथि- 01 जुलाई 1956) से बदलकर अलेयम्मा (जन्म तिथि- 01 जनवरी 1954) कर लिया है। भविष्य में मुझे शपथ पत्र संख्या-सीडी 967084 के अनुसार केवल अलेयम्मा (जन्म तिथि- 01 जनवरी 1954) के नाम से ही जाना और पहचाना जाएगा।

मै, नीतू जोस, पत्नी संख्या-15675757N हवलदार सनूप ए, निवासी गाँव- कायन्ना तह-कोईलैंडी, जिला-कोझिकोड, पिन कोड-673527, ने अपना नाम नीतू सनूप से बदलकर नीतू जोस कर लिया है। भविष्य में मुझे केवल नीतू जोस के नाम से ही जाना और पहचाना जाएगा, शपथ पत्र संख्या-सीडी 967086 के अनुसार।

फिर शुरू हुई ओवरलोड ट्रकों की दौड़

बयाना/भरतपुर, (निसं)। बयाना क्षेत्र एक बार फिर ओवरलोड पत्थर भरे ट्रकों की दौड़ का गवाह बन रहा है। रुदावल के बंशी पहाड़पुर क्षेत्र से पत्थरों की भारी-भरकम ठेवी भरकर दिनदहाड़े ट्रकों को रवाना किया जा रहा है। यह ट्रक न सिर्फ ओवरलोड हैं, बल्कि इनकी वजह से सड़क हादसों का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है।

'डबल इंजन की सरकार मजदूरों व किसान विरोधी सरकार'

कोटा, (निसं)। पूर्व सांसद एवं आदिवासी अधिकार राष्ट्रीय मंच की उपाध्यक्ष वृंदा करात ने कोटा प्रवास के दौरान कहा कि केन्द्र व राज्य मे भाजपा की मौजूदा डबल इंजन की सरकार मजदूरों व किसान विरोधी सरकार है, सरकार को मजदूर, किसानो व आमजनता को बर्बाद करने वाली नीतियों को अपनाना बन्द करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्राईवेट कंपनियों को लाभ पहुंचाने के मकसद से सरकार स्मार्ट मीटर को लेकर आई हैं।

वृंदा करात ने कहा कि राजस्थान में भाजपा सरकार के समय मजदूर अपने हक के बकाया वेतन भुगतान को लेकर पिछले कई महिनों से जिला कलेक्ट्री के बाहर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन मजदूरों की आवाज ना सरकार तक पहुंची और ना ही स्थानीय जिला प्रशासन तक। उन्होंने कहा कि जेके मजदूरों की मांग को लेकर जल्द ही एक प्रतिनिधिमंडल के रूप में लोकसभा स्पीकर से मुलाकात कर मजदूरों की समस्याओं के समाधान की मांग करेंगे। सीपीआईएम राष्ट्रीय नेता पूर्व सांसद कामरेड वृंदा करात ने कहा कि बारां जिले के सहरिया क्षेत्र का दौरा किया। उन्होने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार की कोई भी योजना का लाभ सहरिया क्षेत्र के लोगों को नही मिल रहा है, और ना ही कोई विकास के काम हो रहे है ऐसे में सरकार के सभी दावे फेल होते हुए नजर आ रहे है।

सेमिनार को किया संबोधित:- कोटा प्रवास के दौरान लोकतंत्र बचाओं आंदोलन समिति द्वारा आयोजित सेमिनार को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद वृंदा करात ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार ने देश की राजनीतिक धारा को जन विरोधी धारा में मोड़ दिया है। हमारे देश के गरीबों से उनके वोट देने के संवैधानिक अधिकार को छीना जा रहा है।

उन्होंने बिहार के मतदाताओं के साथ उनके वोटों की चोरी के आंकड़े प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह खुली तानाशाही है, जिसे देश की जनता स्वीकार नहीं करेगी। वृंदा करात ने कहा कि जिस तरह कोटा में मजदूर अपनी अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं।

विशेष सत्रों का आयोजन

बूंदी (निसं)। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत आयोजित दस दिवसीय जागरूकता अभियान-संकल्प हब का शुभारंभ आज सकारात्मक वातावरण में हुआ। .

अभियान के प्रथम दिन महिला केन्द्रित योजनाओं, नीतियों, आत्म-सम्मान और बॉडी शेमिंग जैसे समाज में प्रचलित संवेदनशील विषयों पर विशेष जागरूकता एवं क्षमता निर्माण सत्रों का आयोजन जिला प्रशासन, महिला अधिकारिता विभाग एवं एक्शन एड के संयुक्त तत्वावधान में बाबू जगजीवन राम महाविद्यालय स्तरीय कन्या छात्रावास, बूंदी में किया गया।

सहायक निदेशक, महिला अधिकारिता विभाग भेरू प्रकाश नागर ने अभियान के बारे में कहा कि यह अभियान महिलाओं एवं किशोरियों को न केवल उनके अधिकारों की जानकारी देने का माध्यम है, बल्कि यह आत्म-सम्मान, आत्मनिर्भरता और सामाजिक जागरूकता को भी बढ़ावा देगा।

दिनों में यौन उत्पीडन से संरक्षण (पॉश), घरेलू हिंसा अधिनियम, मानसिक स्वास्थ्य, साइबर सुरक्षा, कौशल विकास एवं स्वावलंबन जैसे विषयों पर संवाद होंगे।

यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित

कोटा, (निसं)। उत्तर रेलवे के जम्मू मंडल के कठुआ-माधोपुर-पंजाब रेलखंड में डाउन लाईन पर यातायात निलंबित रहने के कारण पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल से होकर गुजरने वाली निम्नांकित यात्री गाड़ियाँ निरस्त रहेंगी, जिसके चलते गाड़ी संख्या 20985 कोटा-मछरिया मातामहेश्वर एक्सप्रेस दिनांक 03.09.25 से 24.09.25 तक (कुल 04 ट्रिप) अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी, गाड़ी संख्या 20986 मछरिया मातामहेश्वर-कोटा एक्सप्रेस दिनांक 04.09.25 से 25.09.25 तक (कुल 04 ट्रिप) अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी, गाड़ी संख्या 19803 कोटा-श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस दिनांक 06.09.25 से 27.09.25 तक (कुल 04 ट्रिप) अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी, गाड़ी संख्या 19804 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-कोटा एक्सप्रेस दिनांक 07.09.25 से 28.09.25 तक (कुल 04 ट्रिप) अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी, गाड़ी संख्या 12471 बांद्रा टर्मिनस-श्री माता वैष्णो देवी कटरा स्वराज एक्सप्रेस दिनांक 04.09.2025 से 05.09.2025 तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी, गाड़ी संख्या 12472 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-बांद्रा टर्मिनस स्वराज एक्सप्रेस दिनांक 02.09.2025, 03.09.2025 एवं 05.09.2025 को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी, गाड़ी संख्या 12473 गांधीधाम जं.-श्री माता वैष्णो देवी कटरा सर्वोदय एक्सप्रेस दिनांक 06.09.2025 को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी, गाड़ी संख्या 12474 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-गांधीधाम जं. सर्वोदय एक्सप्रेस दिनांक 04.09.2025 को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी, गाड़ी संख्या 12475 हापा-श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस दिनांक 02.09.2025 को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी, गाड़ी संख्या 12477 जामनगरदृश्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस दिनांक 03.09.2025 को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि वे अपनी यात्रा की योजना बनाते समय इन परिवर्तनों को ध्यान में रखें।

कार्यालय नगर पालिका रावतभाटा, जिला-चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक-नपारा/भूमि/2025-26/1712 दिनांक:- 28.8.2025

सार्वजनिक आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदनकर्ता श्री देवेन्द्र कुमार शर्मा पिता श्री मुरलीधर शर्मा निवासी रावतभाटा जिला चितौडगढ़ (राज.) द्वारा इस कार्यालय में ऑनलाईन आवेदन पत्र मय शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगर पालिका रावतभाटा के श्रीगणेश नगर आवासीय योजना, रावतभाटा के आवासीय भूखण्ड संख्या 442 श्रेणी (ब) साईज 30x50 क्षेत्रफल 1500 वर्गफीट अर्थात् 139.41 वर्गमीटर के स्वामित्व संबंधी एवं अन्य वांछित दस्तावेजों की प्रतियों को ऑनलाईन अपलोड करवाकर इस भूखण्ड पर आवासीय भवन निर्माण स्वीकृति व नक्शानुमोदन हेतु आवेदन मय प्रस्तावित भवन निर्माण के नक्शों की प्रतियों सहित प्रभावी मॉडल राजस्थान भवन विनियम 2020 के प्रावधानों के तहत निर्माण स्वीकृति एवं नक्शानुमोदन बाबत् प्रस्तुत किया है।

अत: उपरोक्त प्राप्त आवेदन से सम्बन्धित प्रस्तावित कार्यवाही को पालिका द्वारा आवेदक के पक्ष में निष्पादित किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति/फर्म/विभाग/संस्था को उक्त कार्यवाही पर कोई उजर या आपत्ति हो, तो इस सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर इस कार्यालय में मय साक्ष्य/सबूत के प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् प्राप्त कोई भी उजरदारी या आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित रहे।

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रावतभाटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 1471 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 29.8.25

आवास संख्या 3-त-23 विज्ञान नगर, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री मोहम्मद शरीफ पुत्र श्री शुजाउद्दीन को किया गया था। श्री मोहम्मद शरीफ पुत्र श्री शुजाउद्दीन की मृत्यु उपरांत उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन दिनांक 28.05.2003 को श्रीमती अनवरी बैगम के नाम किया गया। इस आवास का पंजीयन श्रीमती अनवरी बैगम पत्नी स्व. श्री मोहम्मद शरीफ द्वारा दिनांक 24.07.2003 को अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्रीमती अनवरी वैगम पत्नी स्व. श्री मोहम्मद शरीफ की मृत्यु दिनांक 27.03.2014 को हो चुकी है। श्रीमती अनवरी बैगम पत्नी स्व. श्री मोहम्मद शरीफ द्वारा इस आवास की वसीयत अपने जीवनकाल में जरिये वसीयत नामा आलेखित कर दिनांक 29.03.2010 को श्री अनवारूल हक पुत्र स्व. श्री अब्दुल हक के पक्ष में आलेखित की गई। श्री अनवारूल हक पुत्र स्व. श्री अब्दुल हक द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 3-त-23 विज्ञान नगर, कोटा को उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अत: उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर श्री अनवारूल हक पुत्र स्व. श्री अब्दुल हक के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री अनवारूल हक पुत्र स्व. श्री अब्दुल हक के नाम संयुक्त रूप से किये जाने में किसी भी व्यक्ति/ पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री अनवारूल हक पुत्र स्व. श्री अब्दुल हक के नाम संयुक्त रूप से कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

इंश्योरेंस भी, सेविंग्स भी
सपने
लक्ष्य
ज़िम्मेदारियाँ
सुरक्षा
आश्वासन
आराम
आत्मनिर्भरता
सुरक्षा
मेरा नियमित प्रीमियम प्लान!
मेरा सिंगल प्रीमियम प्लान!
प्रस्तुत है LIC's
नव जीवन श्री
यूआईएन: 512N387V01
प्लान नं.: 912
नियमित प्रीमियम पेमेंट प्लान
प्रस्तुत है LIC's
नव जीवन श्री
सिंगल प्रीमियम
यूआईएन: 512N390V01 • प्लान नं.: 911
लक्ष्य प्राप्ति के लिए एकल समाधान
• देय गारंटीड ऑडिशन्स - सारणीबद्ध वार्षिक प्रीमियम (करों के बिना) के प्रतिशत के रूप में.
• सीमित प्रीमियम भुगतान अवधि.
• 6/8/10/12 वर्ष की आकर्षक प्रीमियम भुगतान अवधियाँ.
• पॉलिसी अवधि विकल्प: 10 से 20 वर्ष.
मौजूदा पॉलिसीधारकों के लिए आकर्षक फायदे
सिर्फ एक बार प्रीमियम भरें और पाएँ
• ₹1000/- की मूल बीमा राशि पर @ ₹85/- का गारंटीड ऑडिशन्स.
• परिपक्वता/मृत्यु पर सेटलमेंट का विकल्प.
• मौजूदा पॉलिसीधारकों के लिए